महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

प्रबन्ध बोर्ड की 92वीं बैठक

कार्यवृत्त (Minutes)

दिनांकः 31 जुलाई, 2017

समयः अपराह्नः 03.00 बजे

प्रबन्ध बोर्ड की 92वीं बैठक दिनांक 31 जुलाई, 2017 को अपराह्न 03:00 बजे बृहस्पति भवन स्थित प्रबन्ध बोर्ड कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1. प्रो. भगीरथ सिंह कुलपति	अध्यक्ष
2. प्रो. भारती जैन (कुलपति द्वारा नामनिर्देशित आचार्य)	सदस्य
3. प्रो. शिव दयाल सिंह (कुलपति द्वारा नामनिर्देशित आचार्य)	सदस्य
4. श्री शंकर सिंह रावत, विधायक (विधान सभा अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित)	सदस्य
5. श्रीमति सुशील कंवर पलाडा, विधायक (विधान सभा अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित)	सदस्य
6. सम्भागीय आयुक्त, अजमेर (प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि)	सदस्य
7. कुलसचिव	सदस्य सचिव

बैठक में निम्नलिखित अनुपस्थित रहे :

1. श्रीमती अलका सिरोही
   (कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित)
2. श्री भरत राम कुम्हार
   (राजस्थान सरकार द्वारा नामनिर्देशित)
3. प्रमुख शासन सचिव, शिक्षा
4. प्रमुख शासन सचिव, आयोजना
5. निदेशक, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए माननीय कुलपति महोदय ने प्रबन्ध बोर्ड के नव-नियुक्त माननीय सदस्या श्रीमति सुशीलकंवर पलाड़ा, विधायक मसूदा तथा माननीय सदस्य श्री शंकरसिंह रावत, विधायक, ब्यावर एवं विश्वविद्यालय आचार्य कोटे से मनोनीत प्रोफेसर शिवदयाल सिंह का स्वागत किया एवं आशा व्यक्त की कि इन सदस्यों के लम्बे प्रशासनिक अनुभवों का लाभ विश्वविद्यालय को प्राप्त होगा। तत्पश्चात् कुलसचिव को प्रबन्ध बोर्ड की आगे की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया:-

मद	विवरण	अनुभाग/विभाग
मद सं. 1	विद्या परिषद् की 56वीं बैठक दिनांक 31.07.2017 के कार्यवृत्त पर विचार करना । (कार्यसूची का परिशिष्ठ-1)	शैक्षणिक-I
निर्णय	पुष्टि की।	
मद सं. 2	राजस्थान विश्वविद्यालयों, शिक्षक एवं अधिकारी (नियुक्ति हेतु चयन) अधिनियम 1974 की धारा 5(1) के अनुसार प्राणिशास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र के आचार्य पद पर चयन हेतु गठित चयन समिति की बैठक दिनांक 16 अप्रेल, 2017 की अनुशंषाएँ प्रबन्ध बोर्ड में प्रस्तुत करना।	संस्था
निर्णय	**विधिक परीक्षण एवं विधिक राय प्राप्त कर अनुशंषाएँ अनुमोदित की गईं। अनुशंषानुसार प्राणी शास्त्र में डॉ. सुभाष चन्द्रा पुत्र श्री नौरंगलाल तथा वनस्पतिशास्त्र में डॉ. अरविन्द पारीक पुत्र श्री कृष्णगोपाल पारीक को आचार्य पद पर नियुक्ति दिये जाने का निर्णय लिया गया। नियुक्ति आदेश जारी करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**	

कुलपति 31.7

कुलसचिव 31/7/17